दिनांक: 25.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देशभर में आपातकाल की बरसी को आज संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–किसानों के अनुभव और वैज्ञानिकों के अनुसंधान से भारतीय कृषि एक नये युग में प्रवेश कर रही है।
- प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियां बने रहने के आसार।
- भारत के शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाले एक्सिओम–4 मिशन को आज दोपहर बारह बजकर एक मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा।

...............

आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन भी है। वर्ष 1975 में इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया था। ये दिन भारतीय इतिहास का काला अध्याय माना जाता है। इसे राजनीतिक उथल–पुथल और नागरिक स्वतंत्रता का दमन करने वाले दौर के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आपातकाल पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। यह पुस्तक आपातकाल के दौरान और उसके बाद संघर्ष तथा विकास पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में आपातकाल को काला दौर बताते हुए कहा कि ये वो समय था, जब लोगों पर अत्याचार किये गये।

...............

संस्कृति मंत्रालय की ओर से आज स्मरणोत्सव मनाया जा रहा है। सालभर चलने वाले कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण मशाल यात्राएं होंगी। इसके अलावा प्रदर्शनी, संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटकों के भी आयोजन होंगे। मशाल यात्रा का प्रतिनिधित्व करने के लिए देशभर से छह युवाओं को माय भारत स्वयं सेवक के रूप में चुना गया है। इनमें अजमेर के जगदीश यादव भी शामिल हैं। उन्होंने इसके लिए सरकार का आभार जताया है।

................

संविधान हत्या दिवस पर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम रखे गये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आपातकाल के खिलाफ उठे हर स्वर को नमन करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में आपातकाल को लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय बताय है। उन्होंने लिखा कि ये वो समय था जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को कुचल दिया गया था।

............

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के अनुभव और वैज्ञानिकों के अनुसंधान से भारतीय कृषि एक नये युग में प्रवेश कर रही है। श्री चौहान कल नई दिल्ली में विकसित कृषि संकल्प अभियान पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान देशभर के किसानों से जो सीधा संवाद हुआ, उससे कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। श्री चौहान ने दलहन, तिलहन, सोयाबीन, कपास और गन्ना सहित प्रमुख फसलों में सुधार के लिए फसल युद्ध शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के अमानक खाद और बीज के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में इसे अपनाया जाना चाहिए।

................

बैठक में पिछले महीने की 29 तारीख से इस महीने की 12 तारीख तक चलाए गए अभियान के परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया गया और आगे की रणनीतिक रूपरेखा पर विचार–विमर्श किया गया।

............

राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह इस बार जोधपुर में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कल जयपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर प्रस्तावित समारोह को ज़्यादा से ज़्यादा जनभागीदारी और नवाचार के साथ सफल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को जोधपुर जिला प्रशासन के साथ मिलकर समारोह की तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने समारोह में विद्यार्थियों, लोक कलाकारों और आमजन की अधिकाधिक भागीदारी पर जोर दिया। इसके साथ ही जयपुर में होने वाले एट होम कार्यक्रम की भी सभी तैयारियां पूरी कर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करने की बात कही। बैठक से जोधपुर पुलिस महानिरिक्षक विकास कुमार और जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल भी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़े।

.............

प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी है। कल लगभग सभी स्थानों पर बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के पूर्वी जिलों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बरसात हुई। वहीं राज्य के पश्चिमी हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। राजधानी जयपुर में कल दोपहर बाद तेज बरसात से कई स्थानों पर पानी भर गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। बारां में बरनी नदी पर बने पुल के बहने से कई गांवों का संपर्क कट गया है। वहीं पार्वती नदी भी उफान पर है। बांसवाडा के परतापुर, अरथूना और बागीदौरा सहित कई इलाकों में तेज बरसात हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि रपट पुलियाओं पर पानी की चादर चल रही है।

................

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी भागों में बारिश की गतिविधियां अगले एक सप्ताह तक जारी रहने के आसार हैं। इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी दिनों में बरसात की संभावना है।

..............

भिवाड़ी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए राजस्थान और हरियाणा के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक कल आयोजित की गई। भिवाडी में हुई इस बैठक में बारिश के दौरान बहने वाले जल, सीवरेज और औद्योगिक अपशिष्ट को नियंत्रित करने पर सहमति बनी। इससे भविष्य में दोनों राज्यों को जल भराव की स्थिति से जूझना नहीं पड़ेगा।

..............

भारत के शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष मे ले जाने वाले एक्सिओम–4 मिशन को भारतीय समयानुसार आज दोपहर बारह बजकर एक मिनट पर अमरीका में फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि 28 घंटे की यात्रा के बाद एक्सिओम–4 भारतीय समयानुसार कल शाम चार बजकर तीस मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र से जुड़ेगा। इस मिशन को पहले 29 मई को प्रक्षेपित किया जाना था। लेकिन, तकनीकी गड़बड़ियों, मौसम की स्थिति और रिसाव के कारण इसमें बार–बार देर हुई।

.................